UNIVERSITY NEWS
20 APRIL 2026

AMRIT VICHAR

# लविवि में मेगा प्लेसमेंट ड्राइव 23 को

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल द्वारा 23 अप्रैल को मेगा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियाँ भाग लेकर बड़ी संख्या में रोजगार अवसर उपलब्ध कराएंगी। ड्राइव लखनऊ विश्वविद्यालय के पुराने परिसर स्थित एपी सेन सभागार में 9 बजे से आयोजित की जाएगी। इस ड्राइव में लगभग 11 प्रमुख कंपनियां भाग लेंगी, जो 4000 से अधिक पदों पर भर्ती करेंगी। इन कंपनियों द्वारा वित्त, निर्माण, हेल्थकेयर, लॉजिस्टिक्स, हॉस्पिटैलिटी एवं सेवा क्षेत्र में व्यापक स्तर पर नियुक्तियां की जाएंगी। प्रमुख पदों में सीनियर सेल्स ऑफिसर, टेली-कॉलर, मशीन ऑपरेटर, क्वालिटी इंस्पेक्टर, हेल्थकेयर असिस्टेंट, असेंबली ऑपरेटर, टेक्नीशियन, गेस्ट सर्विस एसोसिएट, ट्रेनी शेफ तथा पिकर, पैकर जैसे पद शामिल हैं।